## पाठ 1. सत्ता की सांझेदारी

प्रश्न – बेल्जियम के दो भाषा समूहों के नाम लिखिए।

उत्तर – डच और फ्रेन्च |

प्रश्न – बहुसंख्यवाद से आप क्या समझते है ?

उत्तर – किसी देश में रहने वाले बहुसंख्य समाज अल्पसंख्य समाज की इच्छाओं और आवश्यकताओं की अनदेखी कर अपनी विचारधारा और अपनी इच्छानुसार शासन करने का अधिकार रखता हो । तो ऐसी विचारधारा को बहुसंख्यवाद कहते है।

प्रश्न – युक्तिपरक **(Prudential)** फैसले का क्या अर्थ है ?

उत्तर – युक्तिपरक फैसले का अर्थ है हानि लाभ को ध्यान में रखकर सावधानीपूर्वक लिए गए फैसले।

प्रश्न – श्री लंका और बेल्जियम के प्रशासन ढंग और सरकार चलाने के तरीके में क्या अंतर है।

उत्तर – श्री लंका सरकार ने अल्पसंख्यक लोगों को दबाकर बहुसंख्यवाद को बढावा दिया जो श्री लंका के लिए हानिकारक सिद्ध हुई और देश को गृहयुद्ध का सामना करना पडा । जबकि बेल्जियम सरकार ने युक्तिपरक फैसले लेकर सभी समुदायों को भाषा आधार सता में औरैसलों में हिस्सेदार बनाया ।

प्रश्न – प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लोकतंत्र में क्या अंतर है ?

उत्तर –

| | |
|---|---|
| 1. प्रत्यक्ष लोकतंत्र में नागरिक स्वयं कानून बनाते है।<br>2. प्रत्यक्ष लोकतंत्र छोटे राज्यों के लिए उपयुक्त होता है।<br>3. चुनाव की कई बार कोई आवश्यकता नही होती या कम समय में चुनाव करा लिए जाते है।<br>4. इसमें जनता सरकार चलाती है। | 1. अप्रत्यक्ष लोकतंत्र में नागरिकों के प्रतिनिधी कानून बनाते है।<br>2. अप्रत्यक्ष लोकतंत्र बडे राज्यों के लिए उपयुक्त होता है।<br>3. अप्रत्यक्ष लोकतंत्र में एक निश्चित अवधिउ के बाद चुनाव कराना आवश्यक है।<br>4. इसमें जनता के प्रतिनिधी सरकार चलाते है। |

प्रश्न – भारत में अप्रत्यक्ष लोकतंत्र होने कोई तीन कारण दीजिए।

उत्तर –

**(i)** भारत एक विशाल क्षेत्रफल वाला देश है जिसकी जनसंख्या काफी अधिक है। एक व्यक्ति विशेष पुरे क्षेत्र पर नियंत्रण नहीं कर सकता।

**(ii)** विशाल जनसंख्या होने के कारण जनसमुह एक स्थान पर इक्कठा होकर विधायिका के रूप में कार्य नहीं करते है। जबकि अप्रत्यक्ष लोकतंत्र में जनता के प्रतिनिधी सता के विकेन्द्रीकरण कर पुरे क्षेत्र पर शासन चला सकते है।

**(iii)** यह विभिन्नताओं का देश है यहाँ अनेक भाषाएँ बोली जाती है और हमारे रीति रीवाज तथा संस्कृतियाँ भिन्न भिन्न है। अप्रत्यक्ष लोकतंत्र में इन विभिन्न लोगों के लिए असानी से प्रतिनिधित्व मिल जाता है।

प्रश्न – लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकतंत्र के कामकाज को चलाने के लिए दो तथ्य दीजिए।

उत्तर –

**(I)** सारी ताकत एक ही अंग तक सीमित नहीं हो।

**(II)** विधायिका, कार्यपालिका, और न्यायपालिका के बीच पूरी समझ से सता को विकेन्द्रीकृत कर देना ।

प्रश्न – लोकतंत्र में सता के बंटवारे का क्या कारण है ?

उत्तर –

प्रश्न – ईलम शब्द का क्या अर्थ है ?

उत्तर – ईलम शब्द का अर्थ है सरकार ।

प्रश्न – यूरोपीय संध का मुख्यालय कहाँ है ?

उत्तर – बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में ।

प्रश्न – गृहयुद्ध किसे कहते है ? इसके क्या परिणाम हो सकते है ?
उत्तर – किसी देश में सरकार विरोधी समूहों की हिंसक लडाई ऐसा रूप ले ले कि वह युद्ध सा लगे तो उसे गृह कहते है।
गृहयुद्ध के निम्न परिणाम हो सकते है।

**(I)** देश टुकडों में बंट सकता है।
**(II)** अर्थव्यवस्था निम्न स्तर पर गिर सकती है।
**(III)** जान माल की क्षति ।
**(IV)** सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन में परेशानियाँ बढ़ जाती है।

प्रश्न – संधीय प्रदेश से क्या समझते हैं ? भारत के किन्हीं दो संधीय प्रदेश संध शासित प्रदेश का नाम बताइए।

प्रश्न – भारत के एक ऐसे पडोसी देश का नाम बताइए जो गृहयुद्ध से गुजर रहा है ?
उत्तर – श्री लंका ।
प्रश्न – राजनितिक समानता क्या है ?
उत्तर – राजनितिक समानता का अर्थ है एक निर्धारित आयु के बाद धर्म , जाति, लिंग ,रंग , क्षेत्र के आधार पर बिना भेद भाव किए एक व्यक्ति को एक मत देने का अधिकार प्राप्त होना , राजनितिक समानता कहलाता है यह देश के सभी नागरिको पर समान रूप से लागु होता है ।
प्रश्न – बेल्जियम में सता की साझेदारी बहुत जटिल होने के बावजुद बेल्जियम के लोगों ने अपने देश को गृहयुद्ध से बचाते हुए सफलतापूर्वक कार्य किया ? इस कथन के तर्क में तीन कारण दीजिए।
उत्तर –